BPSPCISL/8000/3821dt.30.08.07

AF-3

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

प्रेषक

सचिव
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,
भिवानी।

सेवा में

मुख्याध्यापक/मुख्याध्यापिका/प्राचार्य,
Adarsh High School
Bargat (KKR)

क्रमांक 11332/KKR/सम्बद्धता

दिनांक ....

महोदय/महोदया,

आपकी संस्था को कक्षा मिडल/मैट्रिक/10 जमा 2 तक शिक्षा विभाग द्वारा दी गई अस्थाई मान्यता के आधार पर शैक्षिक सत्र 2007-08 .... से सम्बन्धित अस्थाई (प्रोविजनल) सम्बद्धता इस बोर्ड द्वारा निम्नलिखित शर्तों पर प्रदान की जाती है। (मिडल स्थाई)

1. आपको भविष्य में प्रति वर्ष शिक्षा विभाग से अस्थाई मान्यता लेने उपरान्त इस बोर्ड से सम्बद्धता लेने हेतु निर्धारित तिथि तक निर्धारित फार्म पर सम्बद्धता शुल्क 2000/— रूपये तथा मान्यता की प्रमाणित प्रति साथ लगाकर आवेदन करना होगा। देरी से आवेदन करने पर 5000/— रूपये विलम्ब शुल्क देना होगा जो केवल विशेष परिस्थितियों में अध्यक्ष महोदय की अनुमति से दिनांक .... तक ही स्वीकार्य होंगें।
2. हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड/शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा अनुमोदित पुस्तकें ही विद्यालय में पढ़ाई जायें।
3. संस्था परीक्षाओं के संचालन के लिए अपने स्कूल का भवन/फर्नीचर एवं अपने स्टॉफ की सेवाएं बोर्ड को उपलब्ध करवाएगी। बोर्ड द्वारा उन्हें भवन/फर्नीचर का किराया आदि नहीं दिया जायेगा।
4. संस्था बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए बोर्ड को पूर्ण सहयोग देगी, जिससे नकल/इम्परसोनेशन एवं अन्य अनियमितताओं पर पूर्ण नियन्त्रण किया जा सके।
5. बोर्ड द्वारा बनाये गए पाठ्यक्रम एवं परीक्षाओं से सम्बन्धित जो निर्देश समय—समय पर जारी किये जाते हैं, संस्था उनकी दृढ़ता से पालन करेगी।
6. संस्था बोर्ड द्वारा संचालित मुक्त विद्यालय परीक्षा एवं इससे सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र को संचालित करने में पूर्ण सहयोग देगी।
7. संस्था द्वारा हरियाणा एजुकेशन कोड की धारा 222 क्र0 सं0 1 से 19 के अनुसार सभी प्रकार के रिकार्ड एवं रजिस्टर तैयार करने की पालना की जाये।
8. संस्था में कार्यरत स्टॉफ की नियुक्ति हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई हिदायतों के अनुसार हो।
9. परीक्षार्थियों को विद्यालय में बैठने के लिए समुचित प्रबन्ध करना होगा।
10. संस्था में पढ़ाए जाने वाले विज्ञान विषयों के लिए उपयुक्त प्रयोगशाला तथा वांछित उपकरणों का पूरा प्रबन्ध होना चाहिए एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित विज्ञान की प्रयोगिक पुस्तिका ही विद्यार्थियों को लगवाई जाए।
11. बोर्ड द्वारा सम्बद्धता प्रदान करने से पूर्व एवं बाद में कभी भी निरीक्षण किया जा सकता है।

उपरोक्त के अतिरिक्त शिक्षा विभाग/हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड समय—समय पर लिए गए निर्णय भी आप की संस्था पर लागू होंगें तथा आपकी संस्था द्वारा इनकी पालना की जायेगी।

यदि किसी समय यह पाया गया कि प्रबन्धक/विद्यालय/महाविद्यालय सम्बद्धता सम्बन्धी शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं तो सम्बद्धता वापिस ले ली जायेगी।

भवदीय

सहायक सचिव (सम्बद्धता)
कृते सचिव

GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार
Office of
Director School Education

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
EDUCATION DEPARTMENT
शिक्षा विभाग, हरियाणा
तमसो मा ज्योतिर्गमय
From Darkness lead me to Light

Off.: 30 Bays Building, 3rd Floor, Sector 17-B, Chandigarh - 160017 (India) Tel: 91(0172)-2701333 Fax: 91(0172)-2701347
कार्यालय: 30 बेज बिल्डिंग, तृतीय तल, सैक्टर 17-बी चण्डीगढ़ -160017 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2701333 फैक्स 91 (0172) 2701347
e-mail: edusecondary@hry.nic.in

आदेश कमांक 18/56-2007 PS (3) दिनांक, पंचकुला 23.6.2011

हरियाणा विद्यालय शिक्षा नियम–2003 के नियम 33 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए <u>Adarsh Sr. Sec. School, Bargat (Kurukshetra)</u> को कक्षा <u>**पहलीं से 12वीं**</u> तक **केन्द्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली** से सम्बद्धता हेतू अनापत्ति प्रमाण पत्र इस शर्त पर जारी किया जाता है कि विद्यालय स्थाई मान्यता आदेश कमांक **<u>18/56-07 PS (1)</u>दिनांक <u>21-01-2008</u>** में निहित शर्तों तथा समय–समय पर की जाने वाली इस विभाग की हिदायतों का पालन करता रहेगा। मान्यता वापिस लिए जाने की अवस्था में यह अनापत्ति प्रमाण पत्र भी वापस लिया समझा जाएगा। विद्यालय का कोड़ नं0 **<u>1123/*KUK/12th/BOSE/2007*</u>** है।

विजेन्द्रा कुमार
निदेशक सैकण्डरी शिक्षा,
हरियाणा, पंचकुला।

पृष्ठाकन कमांक सम दिनांक, पंचकुला 28/6/2011

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित है:–

1. प्रबन्धक समिति **<u>Sunrise Education Society, Bargat(Kurukshetra).</u>**
2. सचिव कैन्द्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा बोर्ड, शिक्षा केन्द्र–2, कम्युनिटी सैन्टर, प्रीत विहार, दिल्ली।
3. सचिव, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी।
4. जिला शिक्षा अधिकारी, ~~Bhiwani~~ Kurukshetra.
5. **Principal, <u>Adarsh Sr. Sec. School, Bargat (Kurukshetra).</u>**
6. टैक्नोलोजी आफिसर (लोकल)।

28/6

अधीक्षक पी.एस.
कृतेः निदेशक सैकण्डरी शिक्षा,
हरियाणा, पंचकुला।